भाजपा

भारतीय जनता पार्टी

कार्यालय: 6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग,
नई दिल्ली-110002 दूरभाष: 011-23500000

भाजपा

साफ नीयत सही विकास

साफ नीयत सही विकास

अमित शाह

अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी

प्यारे भाइयो एवं बहनों,

हमारी पार्टी की जनसंघ से लेकर भाजपा तक की यात्रा और हमारा राजनीतिक उद्देश्य अन्य पार्टियों से अलग है।

हम '**अंत्योदय**' और '**भारत गौरव**' के लिए राजनीति में हैं।

हमने हर गरीब व्यक्ति का जीवन स्तर ऊपर उठाकर, उसको देश के नागरिक होने का अहसास कराया है और '**भारत**' हमारे देश का गौरव दुनिया में सबसे ऊपर स्थित करना, यह दो हमारे उद्देश्य हैं।

चार वर्ष पूर्व **श्री नरेन्द्र मोदी जी** के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने देश के समग्र विकास की प्रतिबद्धता के साथ अपना कार्य प्रारम्भ किया था।

आज मुझे यह कहने में हर्ष और गौरव की अनुभूति होती है कि एनडीए सरकार ने भारत की शासन व्यवस्था में आमूल चूल परिवर्तन की शुरुआत की है। मुख्यत: विकास ने अब एक आन्दोलन का रूप धारण कर लिया है और समाज के हर वर्ग का व्यक्ति अब इस विकास क्रम में भागीदार बन रहा है। मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं से देश के **22 करोड़ परिवार** लाभान्वित हो रहे हैं और आज विश्व में देश के गौरव में वृद्धि हुई है।

भाजपा को सत्ता की राजनीति नहीं बल्कि लोगों के प्रति सेवा भाव से काम करने के लिए प्रेरित करता है। हमारा देश और सभी भारतवासी हमारे लिए सर्वोपरि हैं। अत: हमारे सभी निर्णय वोट पाने के लिए नहीं, बल्कि लोक कल्याण के लिए होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी के निर्णायक नेतृत्व में एनडीए सरकार ने, हमने लोगों को **अच्छे लगें ऐसे फैसले नहीं लिये, लोगों के लिए अच्छे हों, ऐसे फैसले लिये हैं।**

भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वप्रथम है। यही कारण है कि प्रत्येक भारतवासी के मन में भाजपा के लिए प्रेम और विश्वास का भाव जगा है। कश्मीर से कन्याकुमारी और कच्छ से कामाख्या तक भाजपा सबसे लोकप्रिय पार्टी है। आज हम देश के अनेक राज्यों में सत्ताधारी दल हैं। यह भाजपा का सौभाग्य है कि हमें देश के हर हिस्से से स्नेह मिला है। हम यह विश्वास दिलाते हैं कि अपने सभी देशवासियों के अभूतपूर्व प्यार प्रेम का प्रतिफल, राष्ट्र के अद्वितीय विकास से चुकाते रहेंगे।

यह प्रपत्र हमारी सरकार के पिछले चार वर्षों में किए गए अथक प्रयासों का लेखा जोखा है। हमारी '**साफ़ नीयत और सही विकास**' की दृष्टि के द्वारा आज देश के गरीब, शोषित और वंचित वर्ग के जीवन में व्यापक बदलाव आया है।

अभी काफी कुछ करना बाकी है, जिसके लिए **श्री नरेन्द्र मोदी जी** के नेतृत्व में हम कटिबद्ध हैं।

आपके **आशीर्वाद** की अपेक्षा सहित।

वन्दे मातरम्।

आपका

(अमित शाह)

भाजपा

समृद्ध किसान, सशक्त भारत

साफ नीयत
सही विकास

किसानों की आय दोगुनी करने का बहुआयामी लक्ष्य

- "प्रति बूंद अधिक फसल" का लक्ष्य हासिल करने के लिए - पर्याप्त बजट के साथ सिंचाई पर विशेष फोकस
- प्रत्येक खेत की मिट्टी की सेहत के आधार पर गुणवत्तापूर्ण बीजों और पोषक तत्वों का प्रावधान
- फसल कटाई के बाद पैदावार का नुकसान रोकने के लिए वेयर हाउसिंग और कोल्ड चेन्स में व्यापक निवेश
- खाद्य प्रसंस्करण के जरिए मूल्य संवर्धन को बढ़ावा
- राष्ट्रीय कृषि बाजार का निर्माण, विकृतियां दूर करना और 585 स्थानों पर ई-प्लेटफार्म की स्थापना
- किफायती लागत पर जोखिम कम करने हेतु एक नई फसल बीमा योजना की पेशकश
- पोल्ट्री, मधुमक्खी पालन और मत्स्य पालन जैसी सहायक गतिविधियों को प्रोत्साहन।

2017-18 में रिकॉर्ड उत्पादन (अनुमानित)

अनाज का उत्पादन:
277.49 मिलियन टन

चावल का उत्पादन:
111.01 मिलियन टन

मोटे अनाज का उत्पादन:
45.42 मिलियन टन

दालों का उत्पादन:
23.95 मिलियन टन

गन्ने का उत्पादन:
352.23 मिलियन टन

बागवानी उत्पादन
305.4 मिलियन टन

रिकॉर्ड नतीजे के लिए रिकॉर्ड बजट

- बजटीय आवंटन में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी - 2009-2014 की अवधि के 1,21,082 करोड़ रुपये की तुलना में 2014-2019 की अवधि में खेती के लिए बजटीय आवंटन बढ़ा कर 2,11,694 करोड़ रुपये किया गया
- कृषि ऋण लक्ष्य: 2018-19 के लिए बढ़ा कर 11 लाख करोड़ रुपये किया गया
- कृषि बाजार ढांचा कोष: 2,000 करोड़ रुपये के साथ कृषि बाजार ढांचा कोष की स्थापना
- राष्ट्रीय बांस मिशन: बांस क्षेत्र में लघु उद्योगों की स्थापना में सहायता करने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए 1,290 करोड़ रुपये का प्रावधान
- कर प्रोत्साहन:फसल कटाई परवर्ती कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए करों में रियायत
- मत्स्य पालन, जलजीव पालन और पशुपालन क्षेत्रों में ढांचा निर्माण के लिए 10,000 करोड़ रुपये के कोष की स्थापना

किसानों के लिए कम ब्याज दर पर ऋण

- ब्याज सब्सिडी कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को एक वर्ष की अवधि के लिए तीन लाख रुपये तक के ऋण सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर दिए जाते हैं
- देशभर में 31 मार्च, 2017 तक 24.53 लाख संयुक्त देयता समूहों को बैंकों द्वारा 26,848.13 करोड़ रुपये के ऋण दिए गए

न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी और रिकॉर्ड ख़रीद के जरिए किसानों को अभूतपूर्व समर्थन

- किसानों को खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 1.5 गुणा अधिक मिलेगा
- दालों का सुरक्षित भंडार 1.5 लाख टन से बढ़ा कर 20 लाख टन किया गया
- करीब 16.24 लाख मेट्रिक टन दालों की खरीद (22.03.2018 तक) की गई।

उर्वरक अब हमेशा उपलब्ध

- यूरिया की शत-प्रतिशत नीम कोटिंग से धरती की सेहत में सुधार, कीटों और बीमारियों के हमलों में कमी
- इससे नाइट्रोजन के सक्षम उपयोग और फसल पैदावार में बढ़ोतरी हुई
- 2016-17 की बकाया उर्वरक सब्सिडी के भुगतान के लिए 2017-18 के बजट में रुपये 10,000 करोड़ विशेष बैंकिंग व्यवस्था के रूप में अनुमोदित किए गए
- नई यूरिया नीति अपनाने के बाद यूरिया के उत्पादन में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी हुई
- डीएपी, एमओपी और मिश्रित उर्वरकों के एमआरपी में कमी आई
- गोरखपुर, सिंदरी, तलचर, रामागुंडम और बरौनी में बंद उर्वरक कारखानों को बहाल करने के लिए 50,000 करोड़ रुपये के निवेश का फैसला। नामरूप में मैसर्स ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर्स कार्पोरेशन लिमिटेड के अंतर्गत 8.4 एलएमटी प्रतिवर्ष क्षमता वाले नए यूरिया प्लांट की स्थापना की जाएगी

मृदा स्वास्थ्य कार्ड और किसानों को सूचित करने वाली पहलें

- 12.5 करोड़ से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए

कम दर वाली प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को बड़ी राहत

- फसल बीमा में केंद्र सरकार द्वारा अब तक की सबसे बड़ी वित्तीय सहायता
- रुपये 1,31,519 करोड़ की बीमा राशि के साथ 4.05 करोड़ किसान कवर किए गए और 379.06 लाख हेक्टेयर भूमि में फसलों का बीमा किया गया

ई-नाम के जरिए उपज का सही मूल्य दिलवाने में किसानों की सहायता

- ई-व्यापार मंचों से 585 नियमित मंडियों को एकीकृत करके किसानों को अपनी उपज का सर्वाधिक दाम हासिल करने में मदद की गई
- इस प्लेटफार्म पर 87.5 लाख से अधिक किसान और विक्रेता पंजीकृत हैं
- ई-नाम प्लेटफार्म पर 41,591 करोड़ रुपये मूल्य के 164.53 लाख टन कृषि जिंसों का व्यापार किया गया

24X7 किसान चैनल

- किसानों को समर्पित 24X7 किसान टीवी चैनल की शुरुआत की गयी

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना - प्रति बूंद अधिक फसल सुनिश्चित करना

- पी.एम.के.एस.वाई के अंतर्गत 28.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की व्यवस्था
- 'हर खेत को पानी' का लक्ष्य हासिल करने के लिए 5 वर्ष में 50,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे
- 5,000 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध लघु सिंचाई कोष की स्थापना
- 2014-18 की अवधि में 26.87 लाख हेक्टेयर भूमि लघु सिंचाई के अंतर्गत लाई गई
- केंद्र सरकार राज्य सरकारों के साथ मिलकर किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए सोलर वॉटर पंप लगाने में मदद करेगी

2014-18 की अवधि में 26.87 लाख हेक्टेयर भूमि लघु सिंचाई के अंतर्गत लाई गई

12.5 करोड़ से अधिक
मृदा स्वास्थ्य कार्ड
वितरित किए गए

कृषि बाजार ढांचा कोषः 2,000 करोड़ रुपये के साथ कृषि बाजार ढांचा कोष की स्थापना

बेहतर आय के लिए मूल्य संवर्धन और सही आपूर्ति श्रृंखला

- कृषि क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना का शुभारंभ
- खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कृषि सम्पदा योजना के तहत बजट आवंटन दोगुना किया गया
- ऑपरेशन ग्रीन्सः खराब होने वाली वस्तुओं जैसे टमाटर, प्याज और आलू (टी.ओ.पी) के मूल्यों में उतार- चढ़ाव की चुनौती का समाधान करने में किसानों एवं उपभोक्ताओं की मदद करने के लिए अभियान
- ग्रामीण कृषि मंडियाः मौजूदा 22,000 ग्रामीण हाटों को ग्रामीण कृषि मंडियों के रूप में विकसित और उन्नत बनाया गया ताकि 86 प्रतिशत से अधिक छोटे और सीमांत किसानों के हितों की देखरेख की जा सके। ई-नाम के साथ इलेक्ट्रॉनिक तौर पर जुड़ी ये ग्रामीण कृषि मंडियां किसानों को अपना माल सीधे उपभोक्ताओं और बल्क खरीदारों को बेचने की सुविधा प्रदान करेंगी

खेती को नई मजबूती देने के लिए परम्परागत कृषि विकास योजना

- 2015-18 की अवधि में कार्बनिक खेती के अंतर्गत 10,000 क्लस्टरों के जरिए दो लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया गया

नील क्रांति से किसानों के लिए नए आयाम खुले

- 3,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 'मत्स्य उद्योग का एकीकृत विकास और प्रबंधन'
- मछली उत्पादन 2012-14 की अवधि के 186.12 लाख टन से बढ़कर 2014-16 के दौरान 209.59 टन पर पहुंचा

राष्ट्रीय गोकुल मिशन से दुग्ध उत्पादन और किसानों की आय में इजाफा

- वार्षिक औसत दुग्ध उत्पादन जो 2011-14 की अवधि में 146.33 मिलियन टन था, वह लगभग 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2014-17 की अवधि में 163.7 मिलियन टन पर पहुंच गया
- दिसम्बर 2014 में 500 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ शुरु किए गए राष्ट्रीय दुधारूपशु प्रजनन और डेरी विकास कार्यक्रम के तहत देसी दुधारूपशु प्रजातियों के संरक्षण और संवर्धन के नए उपाय किए गए
- 20 गोकुल ग्राम स्थापित किए जा रहे हैं और 41 बुल मदर फार्मों का आधुनिकीकरण किया गया है

आपदा में किसानों की मदद

- आपदा में किसानों को राहत जो पहले न्यूनतम 50 प्रतिशत और उससे अधिक नुकसान होने पर मिलती थी वह अब 33 प्रतिशत और उससे अधिक नुकसान पर मिलेगी
- अति वृष्टि से अनाज को क्षति पहुंचने की स्थिति में पूरा न्यूनतम समर्थन मूल्य अदा किया जाएगा
- मृतक किसानों के परिवारों को सहायता राशि 2.5 लाख से बढ़ा कर 4 लाख रुपये की गई
- एसडीआरएफ संबंधी प्रावधान में 2010-2015 की 5 वर्ष की अवधि की तुलना में 2015-20 की अवधि में 82 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई। यह 33,580 करोड़ रुपये से बढ़ा कर 61,220 करोड़ रुपये किया गया

एकीकृत कार्यक्रम, ''हरित क्रांति-कृषोन्नति योजना''

- कृषि क्षेत्र में 11 कार्यक्रमों/मिशनों को एक एकीकृत कार्यक्रम ''हरित क्रांति-कृषोन्नति योजना'' के अंतर्गत समाहित किया गया

देशभर में 31 मार्च, 2017 तक 24.53 लाख संयुक्त देयता समूहों को बैंकों द्वारा 26,848.13 करोड़ रुपये के ऋण दिए गए

भाजपा

दुनिया देख रही है एक न्यू इंडिया

भारत ग्लोबल ग्रोथ इंजन बन चुका है

- भारत दुनिया की सबसे तेजी से विकसित हो रही बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है
- वर्तमान दरों पर 2013 से 2017 के बीच भारतीय GDP में 31% की वृद्धि हुई, जबकि वैश्विक GDP मात्र 4% बढ़ी।
- सभी तरह के इनवेस्टमेंट और मैक्रो-इकोनॉमिक इंडिकेटर में भारत को ऊंचा स्थान मिला है

वैश्विक हुआ योग

- यूएन ने 21 जून, 2015 को पहला योग दिवस मनाया। और तबसे पूरा विश्व 21 जून को बड़े उत्साह के साथ योग दिवस मनाता है
- UNESCO ने मानवता से जुड़े इन्टैन्जबल कल्चर हेरिटेज की लिस्ट में योग को रखा है

क्लाइमेट चेंज के खिलाफ लड़ाई में भारत का नेतृत्व

- भारत ने COP21 यानि 2015 के पेरिस क्लाइमेट कॉन्फ्रेंस में अग्रणी भूमिका निभाई थी
- भारत इंटरनेशनल सोलर अलाइंस का नेतृत्व कर रहा है, जिसमें 100 से अधिक देशों की भागीदारी है

पूरी शक्ति के साथ मातृभूमि की रक्षा

- इतिहास में पहली बार भारत ने दिलेरी दिखाते हुए सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया
- कई दशकों से लंबित वन रेंक, वन पेंशन की मांग को पूरा किया गया है
- डिफेन्स फोर्सेस का ऐतिहासिक आधुनिकीकरण

नए भारत की नई ताकत

- पिछले चार वर्षों में दूसरे देशों से भारत के संबंधों में महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं।
- दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में पहली बार विश्व ने भारत की विकास गाथा को सुना।
- भारत ने International Tribunal for the Law of the Sea, International Maritime Organization और Economic and Social Council में अपने प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित किया।
- 2017 में MTCR में शामिल होने के बाद भारत ने Wassenar - Arrangement की सदस्यता हासिल की। 2018 में भारत Australia Group का भी सदस्य बना।

जय विज्ञान

- इसरो ने एक साथ 104 सैटेलाइट्स को सफलतापूर्वक लॉन्च कर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। इनमें अमेरिका के 96 और नीदरलैंड, स्विटजरलैंड, इजरायल, कज़ाख़िस्तान और यूएई के एक-एक उपग्रह शामिल थे।
- IRNSS-1G के सफल प्रक्षेपण के साथ ही भारत विश्व के उन चुनिंदा देशों की सूची में आ गया, जिनके पास अपना नेविगेशन सिस्टम NavIC है।
- भारत ने SAARC Satellite लॉन्च किया।

भाजपा

नारी शक्ति, देश की तरक्की

साफ नीयत
सही विकास

महिला शक्ति को नमन करता भारत

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान – मां और शिशु के बेहतर स्वास्थ्य को सुनिश्चित करना

- 12,900 से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 1.16 करोड़ से अधिक गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई
- 6 लाख से अधिक उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान की गई

1,16,00,000
से अधिक गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच

80,00,000
से अधिक गर्भवती महिलाओं को रोगों से बचाव के टीके लगाए गए

50,00,000
से अधिक महिलाओं को प्रतिवर्ष नकदी लाभ पहुंचने की आशा

6,00,000
से अधिक उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान

बीमारियों से लड़ने के लिए मिशन इंद्रधनुष

- मिशन इंद्रधनुष के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को बीमारियों से बचाव के टीके लगाने का अभियान चलाया गया
- 80 लाख से अधिक गर्भवती महिलाओं को रोगों से बचाव के टीके लगाए गए

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना – गर्भवती माताओं के लिए मदद

- गर्भवती/शिशुओं को दूध पिलाने वाली माताओं की मदद के लिए। ऐसी प्रत्येक महिला को 6,000 रुपये की नकद सहायता राशि, जिससे वह समुचित आराम कर सके और समय पर स्वास्थ्य की जांच करा सके
- हर वर्ष 50 लाख से अधिक महिलाओं को इस कार्यक्रम का लाभ पहुंचने की आशा

रोजगार और जीवन के बीच संतुलन सुनिश्चित करने के लिए प्रसूति अवकाश

- वेतन सहित प्रसूति अवकाश की अवधि बढ़ाकर 26 हफ्ते की गई, जो दुनियाभर में दिए जाने वाले सर्वाधिक प्रसूति अवकाशों में से एक है

पोषण अभियान– समुचित पोषण सुनिश्चित करने के लिए

- अनेक प्रकार के उपायों के जरिए कुपोषण दूर करने का अपनी तरह का पहला कार्यक्रम
- इसका उद्देश्य तकनीक के इस्तेमाल और लक्ष्य के अनुरूप प्रयास के जरिए कुपोषण में कमी लाना है

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ते कदम

- 104 जिलों में जन्म के समय लड़का-लड़की अनुपात में सुधार
- गर्भ की प्रथम तिमाही के दौरान पंजीकरण में 119 जिलों में बढ़ोतरी दर्ज हुई
- 146 जिलों में अस्पतालों में प्रसव संख्या में बढ़ोतरी दर्ज हुई
- माध्यमिक स्कूलों में लड़कियों के दाखिलों में बढ़ोतरी
- बालिकाओं की शिक्षा के लिए अनेक छात्रवृत्तियां

प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना – बालिकाओं के लिए सुरक्षित भविष्य

- 1.26 करोड़ से अधिक बालिकाओं के लिए खाते खोले गए, जिनमें करीब 20,000 करोड़ रुपये जमा हुए

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

आज देश में 7.25 करोड़ से अधिक शौचालय बने हैं. 3.6 लाख से अधिक गाँव, 17 राज्य/संघ शाषित प्रदेश खुले में शौच से मुक्त घोषित हुये हैं

स्वच्छ भारत मिशन से साफ-सफाई के मामले में क्रांति आई

- महिलाओं की गरिमा सुनिश्चित करने और खुले में शौच जाने की असुरक्षित और अस्वास्थ्यकर आदतों को रोकने के लिए देशभर में तेजी से शौचालयों का निर्माण किया गया
- 7.25 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए
- 3.6 लाख से अधिक गांवों और 17 राज्यों/संघ शासित प्रदेशों को खुले में शौच से मुक्त किया गया
- स्वच्छता कवरेज जो 2014 में 38 प्रतिशत था, बढ़कर 83 प्रतिशत पर पहुंच गया

मुद्रा योजना और स्टैंड अप इंडिया- महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन

- मुद्रा योजना के अंतर्गत उद्यमियों को गारंटी रहित ऋण प्रदान किए जाते हैं। स्टैंड अप इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग उद्यमियों को एक करोड़ रुपये तक के ऋण दिए जाते हैं
- मुद्रा योजना के लाभार्थियों में 70 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं हैं।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना | STAND UP India Endeavour and Prosper

बालिकाओं के प्रति अपराध के मामले में कानून में कड़े प्रावधान

- 12 साल से कम उम्र की बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामले में फांसी की सज़ा का प्रावधान
- 16 साल से कम उम्र की बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामले में सजा की अवधि 10 साल से बढ़ाकर 20 साल की गई

महिलाओं को धुआं रहित जीवन दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना

- महिलाओं को चूल्हों के धुएं से मुक्ति दिलाने और खाना पकाने में सुविधा पहुंचाने के लिए उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 3.8 करोड़ महिलाओं को रसोई गैस के कनेक्शन दिए गए। इस कार्यक्रम में महिलाओं को एलपीजी कनेक्शन देने का लक्ष्य बढ़ाकर 8 करोड़ किया गया

महिलाओं को प्राथमिकता

- प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं को प्राथमिकता दी गयी है
- एकल माताओं को पासपोर्ट नियमों में छूट

महिलाओं का सामाजिक सशक्तिकरण

- मुस्लिम महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए तीन तलाक विधेयक लोकसभा द्वारा पारित
- मुस्लिम महिला बिना किसी पुरुष संरक्षक के अब हज यात्रा कर सकती है

भाजपा

3.8 करोड़ से अधिक महिलाओं को एल.पी.जी गैस कनेक्शन मिले

उज्ज्वला

भाजपा

युवा शक्ति,
देश की तरक्की

साफ नीयत
सही विकास

पढ़ता भारत, आगे बढ़ता भारत

- देश के इतिहास में पहली बार, विद्यार्थियों की शिक्षा व्यवस्था के सकारात्मक परिणामों तथा शिक्षा क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया
- स्कूली छात्रों में अभिनव कौशल निर्माण के लिए, 2,400 अटल टिंकरिंग प्रयोगशालाओं को मंजूरी दी गई। प्रत्येक प्रयोगशाला पर 20 लाख रूपये खर्च आएगा
- 54,000 रैम्पे और रेलिंग बनाई गई और विशेष जरूरत वाले बच्चों के लिए 50,000 विशेष शौचालयों का निर्माण किया गया

उच्च शिक्षा के लिए अवसर बढ़े

- अनेक विश्वविद्यालय, 7 आईआईटी, 7 आईआईएम, 14 आईआईआईटी, 1 एनआईटी, 103 केन्द्रीय विद्यालय और 62 नवोदय विद्यालय स्थापित किए गए और उन्होंने काम करना शुरू कर दिया है
- आई.आई.एम. विधेयक पारित कर और गुणवत्ता पूर्ण संस्थानों को ग्रेडिंग कर स्वायत्तता दी गयी जो शिक्षा के क्षेत्र में एक बहुत बड़ा सुधार है
- 20 संस्थानों को प्रतिष्ठित संस्थान के रूप में घोषित किया जाएगा
- यूजीसी ने 60 शीर्ष विश्वविद्यालयों को ग्रेडिंग कर स्वायत्तता दी
- प्रधानमंत्री रिसर्च फैलोशिप के जरिये प्रतिभावान युवाओं को प्रोत्साहन। 1,000 छात्रों को 5 वर्ष के लिए प्रतिमाह 70,000 से 80,000 रूपये और पी.एच.डी. और अनुसंधान करने के लिए 2 लाख रूपये की वार्षिक सहायता दी जा रही है
- राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की स्थापना की गई ताकि पारदर्शी तरीके से अंतराष्ट्रीय मानकों के अनुसार सभी व्यावसायिक परीक्षाएं कराई जा सकें
- छात्रों की पढ़ाई पूरी कराने के लिए अनेक छात्रवृत्तियां मिलीं
- अध्यापकों के प्रशिक्षण पर विशेष तरीके से ध्यान दिया जा रहा है

03

रोजगार सृजन के लिए तीन स्तरों पर पहल

01 सार्वजनिक क्षेत्र – अधिक अवसर प्रदान करने के लिए बुनियादी ढांचे का नये सिरे से निर्माण

02 निजी क्षेत्र – एजेंसियों और नौकरी पोर्टलों द्वारा कराए गए अनेक सर्वेक्षण इस बात की पुष्टि करते हैं कि युवाओं के लिए अवसर बढ़ रहे हैं

03 व्यक्तिगत क्षेत्र – मुद्रा, स्टार्ट अप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया के जरिये

भाजपा

स्टार्ट अप इंडिया के जरिये युवा शक्ति को बढ़ावा

- स्टार्ट अप के लिए सात वर्ष के एक काल खंड में से लगातार तीन वर्ष के लिए करों में छूट
- स्टार्ट अप अब कर्मचारियों के रूप में कार्य कर रहे प्रमोटरों के लिए ईएसओपी जारी कर सकते हैं

मुद्रा योजना से उद्यमियों को बल मिला

- अप्रैल 2015 में शुरू होने के बाद से अब तक 12 करोड़ मुद्रा ऋण मंजूर किए गए
- 2018-19 में मुद्रा योजना के लिए बजट बढ़ाकर 3 लाख करोड़ रूपये किया गया। पिछले वर्ष की तुलना में इसमें 20 प्रतिशत वृद्धि की गई है

कौशल के साथ भारत, विकास की नई ऊंचाइयों पर

- प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत भारतभर में 13,000 प्रशिक्षण केन्द्र खोले गए जो 375 व्यवसायों का प्रशिक्षण दे रहे हैं
- पी.एम.के.वी.वाई के अंतर्गत 1 करोड़ युवा प्रशिक्षण लेंगे
- प्रधानमंत्री कौशल केन्द्रों (पी.एम.के.के) के रूप में मशहूर मॉडल प्रशिक्षण केन्द्रों को देश भर के प्रत्येक जिले में स्थापित किया गया है

अनुसंधान और उत्कृष्ठता के लिए अटल नवोन्मष मिशन

- युवाओं के बीच अनुसंधान और नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए देशभर में इक्यूबेशन सेन्टर और टिंकरिंग प्रयोगशालाएं बन रही हैं
- उच्चकोटि के शिक्षकों, परामर्शदाताओं, उद्यमियों और सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को एक जगह पर लाकर युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया जाता है

राष्ट्रीय युवा मार्गदर्शक कार्यक्रम

- दिसम्बर 2014 में राष्ट्रीय युवा मार्गदर्शक कार्यक्रम की शुरूआत। जिससे युवाओं को सम्मिलित कर नीतियां बनाई जाएं, युवाओं को विकास की प्रक्रिया का अभिन्नय हिस्सा बनाया जाए और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी हो

खेलों और खेल की भावना को आगे बढ़ाना

'खेलो इंडिया'

- खेलों की संस्कृति और युवाओं में फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए एक जन आंदोलन
- विभिन्न स्तरों पर प्राथमिकता वाले खेलों में पहचाने गए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को 8 वर्ष के लिए प्रतिवर्ष 5 लाख रूपये की वार्षिक वित्तीय सहायता
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 जनवरी 2018 को पहले खेलो इंडिया स्कूल खेलों की शुरूआत की। 29 राज्यों और 7 संघ शासित प्रदेशों के 3507 खिलाड़ियों ने इसमें हिस्सा लिया
- नये खेलो इंडिया कार्यक्रम का बजट 2017-18 से 2019-20 के लिए 1,756 करोड़ रूपये होगा

खेल प्रतिभा खोज पोर्टल की शुरूआत

- यह पोर्टल प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी उपलब्धियां बांटने का मंच प्रदान करता है। यह उभरते खिलाड़ियों को भी बढ़ावा देता है

मणिपुर में राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय

- मणिपुर में राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय खेल विज्ञान, खेल टेक्नोलॉजी, खेल प्रबंधन, खेल कोचिंग के क्षेत्रों में खेल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपनी तरह का पहला विश्वविद्यालय है और चुने हुए प्रशिक्षण केन्द्रों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में भी कार्य करेगा

पैरा एथलीटों के लिए प्रशिक्षण केन्द्र:

- गुजरात के गांधीनगर में 5 फरवरी, 2017 को पैरा एथलीटों को समर्पित विश्वस्तर की सुविधाओं के साथ पहला प्रशिक्षण केन्द्र

ऐतिहासिक राष्ट्रमंडल खेल 2018 की पदक तालिका:

- ऑस्ट्रेलिया में आयोजित 2018 के राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रदर्शन शानदार रहा और भारतीय खिलाड़ियों ने 66 पदक जीते

गुजरात के गांधीनगर में 5 फरवरी, 2017 को पैरा एथलीटों को समर्पित विश्वस्तर की सुविधाओं के साथ पहला प्रशिक्षण केन्द्र



भाजपा

स्वस्थ भारत –
स्वस्थ और समर्थ बनता भारत

साफ नीयत
सही विकास

आयुष्मान भारत

आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा पहल

Rs. 5,00,000

इससे करीब 50 करोड़ लोगों को प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक का विस्तृत स्वास्थ्य कवरेज मिलेगा

1,50,000 उप-केन्द्र

विस्तृत प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए 1.5 लाख उप-केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को स्वास्थ्य और कल्याण केन्द्रों (एचडब्ल्यूसी) में परिवर्तित किया जा रहा है

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से गर्भवती माताओं के लिए सहायता

- गर्भवती/स्तनपान कराने वाली माताओं को 6,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि, ताकि वे आराम कर सकें और समय पर स्वास्थ्य जांच करा सकें
- हर वर्ष 50 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ मिलने की उम्मीद

मां और बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

- 12,900 स्वास्थ्य केन्द्रों में 1.16 करोड़ से अधिक प्रसव पूर्व जांच की गई
- उच्च जोखिम वाली 6 लाख से अधिक गर्भवती महिलाओं की पहचान की गई

POSHAN Abhiyaan
PM's Overarching Scheme for Holistic Nourishment
सही पोषण - देश रोशन

पोषण अभियान - सही पोषण के लिए।

- बहुविध चिकित्सा सुधार के जरिए कुपोषण से निपटने के लिए पहली बार अपनी तरह की पहल
- एकीकृत, प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल और लक्षित दृष्टिकोण के जरिए कुपोषण को कम करने का लक्ष्य

भाजपा

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना

सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित की गई

- जीवन रक्षक दवाओं सहित 1,054 आवश्यक औषधियों को मई 2014 के बाद मूल्य नियंत्रण व्यवस्था के अंतर्गत लाया गया। जिससे उपभोक्ताओं को 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का फायदा मिला
- स्टेंट और नी इम्प्लांट केप की कीमतों में 50-70 प्रतिशत की कमी की गई जिससे आम आदमी की काफी बचत हुई
- प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केन्द्रों में दवाओं की बिक्री से देशभर में जनेरिक दवाएं सस्ती हो गईं। 3,000 से ज्यादा स्टोर काम कर रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप आम आदमी की 50 प्रतिशत से अधिक बचत हो रही है
- अमृत फार्मेसियां कैंसर और कार्डियोवैस्क्यूलर (हृदयवाहिनी) बीमारियों की दवाओं के साथ-साथ कार्डिएक इम्प्लांट की दवाएं वर्तमान बाजार दरों के मुकाबले 60 से 90 प्रतिशत की रियायत पर बेच रही हैं
- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम: इस कार्यक्रम के अंतर्गत गरीबों के लिए डायलिसिस सेवाएं और सभी मरीजों के लिए रियायती दरों पर सेवाएं प्रदान की जाती हैं। 497 डायलिसिस इकाइयों को परिचालन योग्य बनाया गया है, करीब 2.5 लाख मरीज इस सेवा का लाभ उठा चुके हैं और अब तक 25 लाख डायलिसिस सत्र हो चुके हैं

टीकाकरण - बीमारियों की रोकथाम

- मिशन इंद्रधनुष के चार चरण पूरे हो चुके हैं जिसमें 528 जिलों को शामिल किया गया है। जहां:
  - 3.15 करोड़ बच्चों को टीके लगाए जा चुके हैं
  - 80.63 लाख गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया है
- भारत ने मातृत्व और नवजात शिशुओं में टिटनस समाप्त करने की मई 2015 में पुष्टि कर दी है, यह कार्य विश्व बैंक द्वारा निर्धारित दिसम्बर 2015 के लक्ष्य से पहले पूरा कर लिया गया है
- पोलियो वायरस को रोकने संबंधी टीका (आई.पी.वी) की शुरूआत नवम्बर 2015 में की गई और देशभर में बच्चों को आई.पी.वी की करीब 4 करोड़ ख़ुराक दी जा चुकी है
- रोटा वायरस टीके की शुरूआत मार्च 2016 में हुई और रोटा वायरस टीके की करीब 1.5 ख़ुराक बच्चों को दी जा चुकी है
- ख़सरा रूबैला (एमआर) टीकाकरण अभियान की शुरूआत फरवरी 2017 में हुई और 8 करोड़ बच्चों को ये टीके लगाए जा चुके हैं
- न्यूमोकोकल कज्यूकेट वैक्सीन (पीसीवी) की शुरूआत मई 2017 में हुई और पीसीवी की करीब 15 लाख से अधिक ख़ुराक बच्चों को दी जा चुकी हैं
- संचारी रोगों की रोकथाम - कुष्ठ रोग 2018 तक, ख़सरा 2020 तक और तपेदिक 2025 तक समाप्त करने की कार्य योजना लागू की गई है

स्वस्थ भारत के लिए नीतियां

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 15 वर्ष के अंतराल के बाद 2017 में बनाई गई ताकि बदलते सामाजिक-आर्थिक और महामारी विज्ञान संबंधी परिदृश्य में वर्तमान और उभरती चुनौतियों का मुकाबला किया जा सके
- मानसिक स्वास्थ्य सेवा कानून में भारत में मानसिक स्वास्थ्य के लिए अधिकारों पर आधारित वैधानिक ढांचा अपनाया गया है। यह मानसिक स्वास्थ्य की समस्या का सामना कर रहे लोगों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रावधानों में समानता और निष्पक्षता की भावना को मजबूत बनाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनकी अधिकतम देखभाल हो और वे प्रतिष्ठित और सम्मानित जीवन व्यतीत कर सकें

अधिक बिस्तर, अधिक सुविधाएं, अधिक अस्पताल और अधिक डॉक्टर

- 20 नये एम्स, जैसे नये सुपर स्पेशलिटी अस्पताल स्थापित किए जा रहे हैं
- जुलाई 2014 से, काम कर रहे छह एम्स में 1675 अतिरिक्त बिस्तर लगाए गए हैं (पिछले एक वर्ष में शामिल 850 बिस्तरों सहित)
- वर्ष 2017-18 में झारखंड और गुजरात के लिए 2 नये एम्स की घोषणा
- 73 सरकारी मेडिकल कॉलेजों का उन्नयन किया जा रहा है
- पिछले चार वर्षों में कुल 92 मेडिकल कॉलेज (46 सरकारी और 46 निजी) स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे 15,354 एम.बी.बी.एस सीटें बढ़ी हैं
- पिछले चार वर्षों में 12,646 पी.जी सीटें बढ़ी हैं

वैश्विक लक्ष्य से पहले तपेदिक (टीबी) का सफाया

- दवा बेअसर तपेदिक का इलाज 4,00,000 से अधिक डी.ओ.टी केन्द्रों के एक नेटवर्क के जरिये किया जा रहा है
- 5.5 करोड़ की आबादी के घर-घर जाकर तपेदिक के लक्षणों की स्क्रिनिंग की गयी
- डी.बी.टी के जरिये तपेदिक के इलाज की अवधि के दौरान सभी टी.बी मरीजों को पोषण सम्बन्धी सहायता- प्रति माह 500 रूपये

समग्र स्वास्थ्य सेवा के लिए योग

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2015 से हर वर्ष 21 जून को मनाया जाता है। वर्षभर योग में लोगों की बड़ी संख्या में भागीदारी से स्वास्थ्य संबंधी अनेक लाभ मिले हैं

एच.आई.वी और एड्स (रोकथाम और नियंत्रण) कानून, 2017

- इसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सतत् विकास लक्ष्यों के अनुसार 2030 तक इस संक्रामक रोग को समाप्त करना है

अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2015 से हर वर्ष 21 जून को मनाया जाता है। वर्ष भर योग में लोगों की बड़ी संख्या में भागीदारी से स्वास्थ्य संबंधी अनेक लाभ मिले हैं।

भाजपा

सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध सरकार

साफ नीयत
सही विकास

7,565 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति वितरण से 2014-15 और 2015-16 के दौरान 3.3 करोड़ से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित

शिक्षा के माध्यम से सशक्तिकरण

- 7,565 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति वितरण से 2014-15 और 2015-16 के दौरान 3.3 करोड़ से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित
- ओ.बी.सी. के लिए मेट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति आय पात्रता 44,500 रुपये प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये प्रतिवर्ष की गयी
- अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की मेट्रिक पूर्व छात्रवृत्ति के लिए आय पात्रता दो लाख रुपये से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये की गई
- घर से पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों के लिए स्टाइपेंड 150 रुपये से बढ़ाकर 225 रुपये और छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों का स्टाइपेंड 350 से बढ़ाकर 525 रुपये किया गया
- अनुसूचित एवं पिछड़ी जाति के विद्यार्थियों के नि:शुल्क कोचिंग की आय पात्रता 4.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 6 लाख रुपये की गई।
- स्थानीय विद्यार्थियों के लिए स्टाइपेंड 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये तथा दूसरे स्थानों के विद्यार्थियों के लिए स्टाइपेंड 3,000 से बढ़ाकर 5,000 रुपये किया गया
- अन्य पिछड़े वर्गों की मेट्रिक पूर्व छात्रवृत्ति के लिए छात्रवृत्ति की दरों में काफी वृद्धि की गई

अनुसूचित जाति/जनजाति समुदायों के कल्याण के लिए

95,000 करोड़ रुपये

का ऐतिहासिक बजट

41%

अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए बजट आवंटन में

41 प्रतिशत की वृद्धि

बढे संसाधन, पूरी हुई आकांक्षाएं

- अनुसूचित जाति/जनजाति समुदायों के कल्याण के लिए 95,000 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक बजट
- 2017-18 की तुलना में 2018-19 में अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए बजट आवंटन में 41 प्रतिशत की वृद्धि

Accessible India Campaign

Accessible India • Empowered India

सुगम्य भारत- बेहतर भारत

- 3 दिसंबर, 2015 को शुरूकिए गए सुगम्य भारत अभियान का उद्देश्य दिव्यांग बहनों और भाइयों को सुगम्य और सम्मान जीवन प्रदान करना है
- देश की राजधानी और सभी राज्यों की राजधानियों के कम से कम 50 प्रतिशत सरकारी भवनों को पूरी तरह सुगम्य बनाने के लिए तेजी से प्रयास जारी
- 8 लाख दिव्यांगजनों को सहायता उपकरण वितरित करने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन
- 50 शहरों में 1662 महत्वपूर्ण भवनों की सुगम्यता की जांच अब तक पूरी
- सभी 34 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों तथा सभी 48 घरेलू हवाई अड्डों में रैम्प, सुगम्य शौचालय, लिफ्ट में ब्रेल लिपि में संकेतक तथा सुनने योग्य संकेतकों जैसी सुगम्य सुविधाएं प्रदान की गई हैं
- 709 ए1, ए, बी श्रेणी के रेलवे स्टेशनों में से 644 रेलवे स्टेशन तथा 1,41,572 बसों अड्डों में से 12894 बसों अड्डों को सुगम्य बनाया गया है
- राज्य सरकारों/संघशासित प्रदेशों की 917 चिन्हित वेबसाइटें ईआरएनईटी इंडिया के माध्यम से सुगम्य बनाए जाने की प्रक्रिया में हैं

मई 2014 से पूरे देश में आयोजित 5,790 शिविरों से 6 लाख से अधिक दिव्यांगजन लाभान्वित हुए हैं

दिव्यांग सारथी
Divyang Sarathi

दिव्यांग भाइयों और बहनों को मिले अधिक अवसर

- सरकारी नौकरियों में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत किया गया। इसका सकारात्मक प्रभाव होगा
- दिव्यांग बहनों और भाइयों के लिए शिविरों के आयोजन में अप्रत्याशित वृद्धि। मई 2014 से पूरे देश में आयोजित 5790 शिविरों से 6 लाख से अधिक दिव्यांगजन लाभान्वित हुए हैं

शिक्षित भारत, सक्षम भारत

- दिव्यांग विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा जारी रखने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने के उद्देश्य से 11 नवंबर, 2014 को छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई
- 30 हजार रुपये की छात्रवृत्ति राशि ट्यूशन फीस भुगतान के लिए और 20 हजार रुपये की राशि आकस्मिक भत्ते के रूप में दी गई, योजना के तहत प्रतिवर्ष 1,000 छात्रवृत्तियां दी जाएंगी
- इंडियन साइन लैंग्वेज रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर (आई.एस.एल.आर.टी.सी) स्थापित

क्योंकि हम ख्याल रखते हैं

- निरामय योजनाः ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी तथा अनेक दिव्यांगताओं के शिकार लोगों को एक लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवच

मुद्रा - 125 करोड़ भारतीयों में विश्वासः

- 2018 के बजट में मुद्रा के अंतर्गत ऋण लक्ष्य, 2018-19 वित्त-वर्ष के लिए बढ़ाकर 3 लाख करोड़ रुपये किया गया
- कुल ऋण खातों में से 76 प्रतिशत ऋण खाते महिलाओं के हैं और 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जातियों/जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के हैं

संसाधनों की सीमा नहीं

- उद्यम पूंजी कोष योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति के उद्यमियों के लिए 63 कंपनियों को 239.12 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। (4 मई, 2018 तक)
- अनुसूचित जातियों के लिए उद्यम पूंजी कोष की तर्ज पर अन्य पिछड़े वर्गों के लिए उद्यम पूंजी कोष की नई योजना 200 करोड़ रुपये की प्रारंभिक पूंजी के साथ शुरूकी जाएगी। इसके लिए 2018-19 में 140 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है

स्टैंड अप इंडिया - आत्मनिर्भरता को बढ़ावा

